Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व के असूचना तंत्र की रोकथाम योजना की एक और सफलता– घुमक्कड समुदाय के लोगों की गिरफ्तारी

राष्ट्रीय राज मार्ग से लगे मड़ला परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 228 में दिनांक 25.5.2012 को गश्ती के दौरान छपरा बिहार के कुछ घुमक्कड जाति के कुछ लोगों की तलाशी ली गई। इस तलाशी में राजू करोडी, सकल करोड़ी, लोहमा करोड़ी, अकलेश करोड़ी, सजोत करोड़ी, भगत करोड़ी साकिन छपरा बिहार से अलग–अलग अज्ञात वन्य प्राणियों की हड्डी, बाल, चमड़ा आदि जप्त किये गये हैं। इसके अतिरिक्त उनके पास पका हुआ सुअर का गोश्त भी था, जो कि उनके द्वारा कहीं से खरीदा जाना बताया गया है। इन सभी के विरुद्ध, पी.ओ.आर. क्रमांक 479/07 दिनांक 25.5.2012 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त मुल्जिमों को दिनांक – 26.05.2012 को न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्यवाही क्षेत्र संचालक के निर्देशन तथा उप संचालक के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी मड़ला द्वारा सम्पादित की गई। इस सम्पूर्ण कार्यवाही को पूर्ण कराने में सहायक संचालक मड़ला श्री एस.सी. मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रकार पन्ना टाईगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था में और एक सफल परिणाम सबके सामने आया है।

'' जय हिन्द, जय भारत ''

दिनांक – 26.05.2012

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना